HIGH COURT OF JUDICATURE FOR RAJASTHAN
BENCH AT JAIPUR

S.B. Criminal Miscellaneous 3rd Bail Application No. 10132/2026
URN: CRLMB / 18810U / 2026

Dinesh Kumar S/o Mukutlal

----Petitioner

Versus

State of Rajasthan

----Respondent

| | | |
|---|---|---|
| For Petitioner(s) | : | Mr. Chandra Shekhar, Adv.<br>Mr. Ajay Singh, Adv.<br>Mr. Pradeep Kumar Malakar, Adv. |
| For Respondent(s) | : | Mr. Onkar Singh Rajpurohit, PP |

**HON'BLE MR. JUSTICE CHANDRA PRAKASH SHRIMALI**

**Order**

**06/07/2026**

इस न्यायालय द्वारा जमानत प्रार्थना 162/2026 में पारित आदेश दिनांक 20.01.2026 के माध्यम से विद्वान विचारण न्यायालय को अनुसंधान अधिकारी व महत्वपूर्ण साक्षीगण के बयान लेबखद्ध करने के आदेश दिये गये थे।

विद्वान जिला एवं सेशन न्यायाधीश अलवर को निर्देशित किया जाता है कि वे अपर सेशन न्यायाधीश थानागाजी जिला अलवर में लंबित सरकार बनाम सुरेश व अन्य फौजदारी प्रकरण संख्या 23/01/25 प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 125/2025 पुलिस थाना नारायणपुर के प्रकरण में दिनांक 11.12.2025 को अभियुक्तगण के विरुद्ध आरोप विरचित किये जाने के पश्चात दिनांक 20.01.2026 से वर्तमान समय तक साक्षीगण की तामील प्रत्येक तारीख पेशी पर जारी की गयी या नहीं और यदि की गयी है, तो उसका क्या परिणाम रहा तथा दिनांक 20.01.2026 के पश्चात विद्वान अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश थानागाजी, जिला अलवर में कौन–कौन पीठासीन अधिकारी रहे, उक्त अवधि

में पीठासीन अधिकारी का पद रिक्त रहने या उनके स्थानांतरण पर यदि अतिरिक्त कार्यभार दिया गया, तो कौनसे पीठासीन अधिकारी को दिया गया और उन्होंने कब से कार्यभार ग्रहण किया, इस संबंध में विस्तृत टिप्पणी दिनांक 06.01.2026 के पश्चात की आदेशिकाओं की प्रति सहित प्रेषित की जावे।

डिप्टी रजिस्ट्रार (न्यायिक) को इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया जाता है।

प्रकरण दो सप्ताह पश्चात पुनः सूचीबद्ध किया जावे।

(CHANDRA PRAKASH SHRIMALI),J

MANISH SAINI/01